निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम

25 जून 2026, बृहस्पतिवार

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना दास के संरक्षण में आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव और तंबाकू, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराना तथा स्वस्थ, सशक्त, विकसित और नशा मुक्त समाज के निर्माण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस इकाई एक के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो दलजीत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियां तथा अन्य अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। साथ ही उन्होंने तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी।

तत्पश्चात उन्होंने शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को नशा मुक्त भारत संकल्प की प्रतिज्ञा दिलवाई।

इस अवसर पर भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो दीपक कुमार, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो अमरजीत सिंह, बीबीए कोऑर्डिनेटर प्रो संजय सिन्हा, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो सोनू प्रसाद यादव, प्रो करुणा सिंह, प्रो नमिता, प्रो प्रतिमा, सुश्री नुसरत परवीन, श्री रंजीत मिश्रा सहित महाविद्यालय के लगभग 40 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो
निषिद्ध मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध
जागरूकता कार्यक्रम
VENUE : RUSA SEMINAR HALL BHUDA CAMPUS, DHANBAD



GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो
द्वारा
निषिद्ध मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध
जागरुकता कार्यक्रम
VENUE : RUSA SEMINAR HALL BHUDA CAMPUS, DHANBAD

GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Qcmx+342, Rani Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 826004, India
Lat 23.782633° Long 86.447748°

GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Qcmx+342, Rani Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 826004, India
Lat 23.782633° Long 86.447748°
Thursday, 25/06/2026 11:41 AM GMT +05:30

GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Qcmx+342, Rani Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 826004, India
Lat 23.782633° Long 86.447748°
Thursday, 25/06/2026 11:41 AM GMT +05:30